卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 53 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦30 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# मातृशक्ति के बिना किसी भी राष्ट्र की उन्नति सम्भव नहीं-धामी

## सीएम धामी ने ईजा बैणी महोत्सव का किया शुभारंभ, कई विकास कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण, रोड शो में भव्य स्वागत





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मातृशक्ति के बिना किसी भी राष्ट्र का विकास सम्भव नही होता, जहां माता-बहने आगे आती है वह राष्ट्र बहुत तेजी से आगे बढ़ता है। इस प्रदेश के विकास में भी माताओ-बहनों का बहुत बड़ा योगदान है । राज्यों को बनाने में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके प्रयासों से आज उत्तराखण्ड आगे बढ़ रहा है। मै सभी माताओं-बहनों को प्रणाम करता हूँ। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज यहां एमबी इंटर कालेज के मैदान में आयोजित ईजा बैणी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कही। श्री धामी ने कहा कि दो दिन पूर्व में काफी असंमजस में था कि इस कार्यक्रम को लेकर माताओं बहनों ने इतनी मेहनत और तैयारियां की है। मै इस कार्यक्रम में सम्मिलित तो होऊंगा लेकिन उस समय वातावरण और माहौल क्या होगा? इसको लेकर मेरे मन में बहुत भय था। लेकिन ईश्वर पर पूरा भरोसा था। देश विदेश और आप सब की दुआए काम आई और (शेष पेज सात पर)








## टूरिस्ट बस डिवाइडर से भिड़ी,बाल बाल बचे पर्यटक



काशीपुर(उद संवाददाता)। दिल्ली से पर्यटकों को लेकर रामनगर जा रही टूरिस्ट बस आज तड़के काशीपुर में डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बस में सवार सभी यात्री बाल बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक आज सुबह दिल्ली से एक टूरिस्ट बस पर्यटकों को लेकर रामनगर स्थित कार्बेट टाइगर रिजर्व जा रही थी इस दौरान सुबह लगभग 5:30 बजे ध्रुव गति से चली जा रही बस अचानक रामनगर रोड पर फ्लाईओवर नीचे उतरते ही तेज धमाके के साथ (शेष पेज सात पर)

## पार्किंग में चालक की संदिग्ध मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लालपुर चौकी स्थित खन्ना पार्किंग में एक ट्रक चालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। पार्किंग के मुंशी भानु प्रताप ने चौकी प्रभारी लालपुर को सूचना दी कि खन्ना पार्किंग लालपुर में ट्रक रजिस्ट्रेशन नंबर HR 55 AC 0348 आया था ।तथा ड्राइवर ट्रक को खड़ा कर गया।आज जब वह ट्रक के ड्राइवर को ट्रक हटाने के लिए कहने गया तो ड्राइवर नही उठा जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। सूचना पर चौकी प्रभारी लालपुर उप निरीक्षक सतीश(शेष पेज सात पर)

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध करते कई कांग्रेसी हिरासत में लिये


हल्द्वानी (उद संवाददाता) । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आज बड़ी योजनाओं का लोकार्पण एवं ईजा बैणी महोत्सव में शामिल होने के कार्यक्रम का काले गुब्बारों के साथ विरोध करते कई युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद हिरासत में ले लिया। यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगवाई में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के हल्द्वानी दौरे का जोरदार विरोध किया। इस(शेष पेज सात पर)




# मैंने हमेशा पुलिस और जनता के बीच कम की दूरी : अशोक कुमार

## देहरादून में आयोजित विदाई समारोह में भावुक हुए डीजीपी अशोक कुमार

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। बृहस्पतिवार को देहरादून पुलिस लाइन में उनके लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। यहां अपने भाषण के दौरान अनुभव साझा करते वक्त वह भावुक हो गए। 30 नवंबर 2020 में डीजीपी बनने के दौरान ही उनके सामने अपार चुनौतियां थीं। उस वक्त कोविड काल चल रहा था। उन्होंने बताया कि इसके बाद तमाम आपदाएं आईं। पुलिस जनता के लिए बनी है। मैंने हमेशा पुलिस

और जनता के बीच की दूरी कम की है। डीजीपी अशोक कुमार अपने तीन साल के कार्यकाल में पुलिस के लिए कई तरह के काम कर गए हैं। वहीं नए डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि अशोक कुमार पुलिस फोर्स के लिए विश्वकर्मा रहे हैं। उन्होंने आधारभूत ढांचे को मजबूत किया है। अशोक कुमार सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले हरिद्वार (शेषपेज सात पर)

## साढे 34 साल की चुनौतीपूर्ण पुलिस सेवा कर डीजीपी अशोक कुमार हुए सेवानिवृत

देहरादून(उद संवाददाता)। 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार उत्तराखंड डीजीपी के पद से सेवानिवृत हो रहे हैं। जिस वक्त सम्पूर्ण देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था उस वक्त 2020 में आईपीएस अशोक कुमार ने बतौर उत्तराखंड डीजीपी की कमान संभाली थी। डीजीपी की कमान संभालने के बाद अशोक कुमार ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कई बेहतरीन प्रयास किए। इसके साथ ही कोरोना काल में विकट परिस्थितियों जूझते हुए बेहतरीन पुलिसिंग की, हरिद्वार में महाकुंभ को सकुशलता से निपटना और करोड़ों की तादाद में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करवाने सहित चार धाम यात्रा में भी बेहतरीन कार्य करना अशोक कुमार के बतौर डीजीपी कार्यकाल में शुमार है। इसके साथ ही ऑपरेशन स्माइल, ऑपरेशन प्रहार, ऑपरेशन मर्यादा ड्रग्स फ्री देवभूमि सहित कई अभियानों (शेष पेज सात पर)

# सितारगंज में निकली विशाल निशान यात्रा

## सूरजगढ़ धाम से आये कलाकारों ने की विशेष पूजा, सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने उठाया निशान, आज सजेगा बाबा का विशाल दरबार



सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर में खाटू श्याम बाबा के विशाल संकीर्तन की पूर्व संध्या पर बाबा के भक्तों ने विशाल निशान यात्रा निकली।इस दौरान बाबा श्याम की निशान यात्रा की पूजा अर्चना सूरजगढ़ धाम से आये कपिल इंदौरिया ग्रुप द्वारा विधिवत मुख्य यजमान प्रमोद गोयल पम्मी के परिवार द्वारा बाबा की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। निशान यात्रा रामलीला मैदान से प्रारम्भ होकर बाजार के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री सनातन धर्म मंदिर में संपन्न हुई। श्याम प्रेमियों का उत्साह इतना जबरदस्त था की पूरा शहर बाबा के जयकारों से गुंजायमान था।महिलाओं व बच्चों की भागीदारी व श्याम युवा मित्र मण्डल के सदस्यों ने अत्यधिक संख्या में निशान यात्रा निकाली हर तरफ यही चर्चा रही कि आज कि निशान यात्रा ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए विशाल भक्तों की भागीदारी रही। श्याम भक्तों ने बताया कि आज बाबा का विशाल दरबार परम श्रेध्य नंदकिशोर नंदू जी के मुखारविंद से बाबा के मधुर भजनो से प्रारम्भ होगा। यात्रा में अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल,अग्रसेन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश सिंघल, अंकुर गर्ग,संजय गोयल, मुकेश गोयल, राजकुमार सिंघल, दुर्गेश मोहन गोयल, शिवम् मित्तल, प्रदीप गर्ग,आनंद गर्ग, मुकेश गोयल, विनय गर्ग, विकास गर्ग,निशांत गोयल,यश गोयल,अनिल गोयल, मोहित गर्ग,योगेंद्र बंसल, शिवपाल चौहान,अंकित गोयल,सुधीर गुप्ता,उमेश सोनू,सतीश सागर, अमन गुप्ता,सचिन मित्तल, अमित राठी, अरुण गुप्ता, रोहित मित्तल,भरत सिंघल,सौरभ अरोरा, साहिल चिटकारा,मनोज गर्ग, तुषार मित्तल, अनिल सिंघल मुकेश गर्ग, डब्बू बिंदल,नत्थूलाल गोयल, विकास गोयल, प्रीति गोयल,संगीता मित्तल, सीमा सिंघल, पल्लवी सिंघल, प्रेमलता गोयल, सृष्टि सिंघल,पूजा गर्ग, पूजा मित्तल,मिशिका बंसल, सुधा जिंदल, राजरानी गर्ग आदि रहे।





# मेयर ने रम्पुरा और प्रीत विहार संपर्क मार्ग निर्माण का किया शिलान्यास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह ने रम्पुरा से प्रीत विहार को जोड़ने वाले लिंक मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इस सड़क का हॉट मिक्स निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण का शुभारम्भ होने पर क्षेत्रवासियों ने मेयर रामपाल का फूल मालाओं से जोरदार करते हुए मेयर रामपाल सिंह ने रम्पुरा स्थित कंचन टैंट हाऊस से पंचवटी कालोनी प्रीत विहार तक सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। उन्होंने निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप करने के निर्देश भी दिये। मेयर ने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से प्रीत विहार और रम्पुरा के बीच हैं। कई विकास कार्य जारी हैं और कुछ पर जल्द ही काम शुरू होना है। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंनें विकास कार्यों को पारदर्शिता से धरातल पर उतारने की पूरी कोशिश की गयी है। आगे भी शहर के विकास के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मेयर रामपाल ने कहा कि उन्होने सभी वार्डों में प्यार और स्नेह दिया है, जिसे वह भुला नहीं पायेंगे। जनता के आशीर्वाद से उन्हें पुनः सेवा का अवसर मिला तो शहर को विकास के उंचाईयों तक ले जाने के लिए काम करते रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता राम प्रकाश गुप्ता मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, पार्षद सुशील यादव, चंद्रसेन कोली, परवेज खान,छेदा





स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। क्षेत्र वासियों द्वारा प्रीत विहार से रम्पुरा को जोड़ने वाले मार्ग के निर्माण की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी। यह मामला लम्बे समय से खस्ता हालत में था। मेयर ने इस सड़क को हॉट मिक्स बनाने की घोषणा की थी। घोषणा को पूरा आवागमन सुलभ होगा और हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप नगर निगम की ओर से विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने जनता से जो भी वायदे किये थे उन्हें पूरा करने की पूरी कोशिश की गयी है। अधिकांश वायदे पूरे हो चुके बिना किसी भेदभाव के काम कराये हैं। जिस भी वार्ड से समस्या लेकर लोग उनके पास आये उस समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया गया है। मेयर ने कहा कि उन्होंने जनता के सेवक की तरह वह आगे भी शहर के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष के कार्यकाल में जनता ने उन्हें अपना भरपूर लाल पाल, रतन लाल पाल, अयोध्या प्रसाद नीरज गुप्ता गिरीश पाल, मनोज पाल, डाल चन्द राजपूत, चंद्रपाल कोली, राज कोली, विपिन कोली, डॉ महेश कोली, राजकुमार कोली, जितेन्द्र सिंह, बूटा सिंह, नीलकंठ, गेदन कोली, भीम सेन गुप्ता, धनश्याम कोली, महेंद्र कोली आदि लोग मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो में छात्रों ने जीते मेडल

गदरपुर(उद संवाददाता)। खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता के तहत गदरपुर में आयोजित खेल महाकुंभ के ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं में एस0एस0 पब्लिक स्कूल,गदरपुर के छात्रों ने ताइक्वांडो में 05 मेडल प्राप्त कर जिला उधम सिंह नगर में विद्यालय का नाम रोशन किया। पदक प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों मेंः रितिक जोशी ( गोल्ड मैडल),राजदीप सिंह ( सिल्वर मैडल),प्राची कार्की ( गोल्ड मैडल),नंदनी कोचर (गोल्ड मैडल ),संदीप कौर (गोल्ड मैडल) जीत कर विद्यालय का परचम लहराया । विद्यालय के चौयरमेन डी0पी0 सिंह जी ने खेल महाकुम्भ में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चो को आशीर्वाद दिया तथा भविष्य में विद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की क्रीड़ास्पर्धाओ में प्रतिभाग करने के



लिए चयनित किया । विद्यालय के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह जी ने विद्यालय से मिलने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया एवं विजेता खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार की घोषणा की । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह जी ने गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉजं मैडल की जीत पर सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों को विद्यालय के मान सम्मान को बढ़ाने के लिये सभी बच्चों के माता पिता को धन्यवाद कहा । प्रधानाचार्य ने सभी को उच्च स्तर के स्पध िओ के प्रतिभाग करवाने के लिए विद्यालय विद्यालय का क्रीडा स्थल भी उपलब्ध कराने का वादा किया और माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद कहा जिन्होने इस तरह की स्पर्धा करवाके प्रतिभाओ की खोज करने का लक्ष्य रखा अंत मे प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिवार का भी धन्यवाद किया।

# सितारगंज को मिली एक और सौगातः उप जिला चिकित्सालय बनेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

सितारगंज(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक और सौगात दी। अब सितारगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उप जिला चिकित्सालय के रूप में विकसित होगा। इसके लिए स्वस्थ सचिव ने शासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। विकास कार्य के बूते पूरे प्रदेश में सितारगंज विधनसभा क्षेत्र को, आदर्श विधनसभा क्षेत्र बनाने का संकल्प लेते हुए, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक और सौगात दे दी है। कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से अब सितारगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उप जिला चिकित्सालय के रूप में विकसित होने जा रहा है। इसके लिए स्वस्थ सचिव डॉक्टर आर राजेश कुमार द्वारा, प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लगभग 5 करोड़ की लागत से



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण एवं सौंदरीकरण का कार्य कराया गया। नवीन अस्पताल भवन का उद्घाटन आगामी 3 दिसंबर को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा होना तय है। इससे पूर्व अब 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को, 90 बेड का अस्पताल बनाने के लिए स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर आर राजेश कुमार ने प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। उप जिला चिकित्सालय बनने के बाद मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेगी। इस बाबत स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर आर राजेश कुमार ने, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशक को पत्र लिखकर, अस्पताल के उच्चीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति एवं महानिदेशक से मामले की कार्यवाही करते हुए तत्काल शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# डीआरडीओ वैज्ञानिक अमरीक सिंह को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। वैज्ञानिक के रूप में अमरीक सिंह निवासी केलाखेड़ा जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड द्वारा चंडीगढ़ में एक वैज्ञानिक के रूप में सेवाएं प्रदान करने के दौरान ग्राम बलखेड़ा आगमन पर विभिन्न संगठनों द्वारा उन्होंने सरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। षतिलक जंजु राखा प्रभु ताका,कीनो बडो कलू मह साका, ठीकर फोर दिल्लीसघ सिर प्रभु पुर कीया पयान, तेग बहादुर सी किरिया करी ना किनहू आन, श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरवाणी पाठ, विचार गोष्ठी के आयोजन के दौरान देश कर नाम रोशन करने वाले वैज्ञानिक अमरीक सिंह ने बताया कि गुरबाणी पाठ नित्य प्रति करने के दौरान उन्हें वाहेगुरु की असीम कृपा से वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली उन्होंने अपने पिता स, ज्ञान सिंह ,माता इंद्रजीत कौर के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन तथा भाई कुलदीप सिंह ,बहन कुलविंदर कौर एवं हरजिंदर कौर सहित अन्य बुजुर्गों का सहयोग मिला तो वे इस मुकाम पर पहुंचे है, उन्होंने बताया कि उनके द्वारा टीम के साथ दो बार गत दस वर्ष में अंटार्कटिका का भी खोजपूर्ण एवं उत्सवर्धक दौरा किया जा चुका है। वे आगे भी तरक्की करके महत्वपूर्ण खोज का हिस्सा बनकर क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन करना चाहते हैं उन्होंने युवा वर्ग से भी देश के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करके महत्वपूर्ण खोजपूर्ण कार्यों का हिस्सा बनने का आह्वान किया । इस मौके पर ग्रंथी सभा के भाई अवतार सिंह, सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई संचालक देवेंद्र सिंघ,उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह,गुरुद्वारा सिंघ सभा केलाखेड़ा अध्यक्ष परमजीत सिंह,पूर्व सेक्रेटरी डॉ,मनोहर सिंह,सिख प्रचारक सभा के अमरीक सिंह, तराई सिख संगठन के सलविंदर सिंह,प्रेस क्लब के नरेश सिंह, गुरमीत सिंह,अजीत सिंह, गुरबक्शीश सिंह आदि मौजूद थें ।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# प्रशासन सुस्त, मिट्टी खनन माफिया चुस्त

## सितारगंज के बेगुल पुल पर मिट्टी खनन माफियाओ का राज
## चार पोकलैंड मशीनों से हो रहा है अवैध मिट्टी का खनन

सितारगंज(उद संवाददाता)। सितारगंज क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन प्रशासन की अनदेखी से मिट्टी खनन माफियाओं को बहुत बड़ा लाभ मिल रहा है सितारगंज विधानसभा में अवैध मिट्टी खनन का कार्य लगातार धड़ल्ले से चल रहा है। सितारगंज बेगुल पुल पर पोकलैंड मशीनों से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। आपको बता दें उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के सितारगंज में मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है नदियों को खोदकर करोड़ों रुपए माफियाओं ने कम लिए हैं प्रशासन को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है जिसे प्रशासन अंदाजा भी नहीं लग सकता ऐसा लगता है कि प्रशासन के कुछ अधिकारी माफिया के साथ मिले हुए हैं। कई बार प्रशासन के अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन प्रशासन के अधिकारी खनन माफियाओं को तुरंत सूचित कर देते हैं जिससे जिससे माफिया होगी साठ गांठ के चलते नदी को खोखला कर दिया है। करोड़ों रुपए का राजस्व का माफिया ने नुकसान किया है। सितारगंज का प्रशासन मिट्टी खनन माफिया से मिला हुआ है। जिससे पूरा सितारगंज शहर में जगह-जगह पठन किया जा रहे हैं। शक्ति फार्म रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो



गए हैं डंपर एवं हाईवे रोड पर दौड़ रहे हैं कई बार आसपास के ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को सूचित भी किया लेकिन प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है जो भी शिकायत करता है खनन माफिया उसको डरा धमकाकर शांत कर देते हैं। वही इस संबंध में उप जिलाधिकारी तुषार सैनी से भी वार्ता की गई लेकिन उप जिलाधिकारी ने भी कोई भी आश्वासन अवैध मिट्टी खनन को रोकने का नहीं दिया है। लगातार क्षेत्र में दिन-रात धड़ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। प्रशासन के उच्च अधिकारी बिल्कुल भी नहीं ध्यान दे रहे हैं ऐसा लगता है कि प्रशासन के अधिकारी मिट्टी माफिया के साथ मिले हुए हैं। इस बार तो उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में सितारगंज नंबर वन पर अवैध मिट्टी खाने के मामले में पहुंच गया है क्योंकि पूरा दिन और रात सितारगंज के रोड से निकलना मुश्किल हो गया है आए दिन सितारगंज विधानसभा में एक्सीडेंट होते हैं।लोगों की मौतें हो रही हैं लेकिन प्रशासन के अधिकारी बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं क्योंकि प्रशासन के अधिकारी माफियाओं के साथ खुद मिले हुए हैं करोड़ों रुपए की बेगुल नदी से माफियाओ ने मिट्टी उठा ली है।

# भाजपा नेता ललित कुमार आर्य की माता का निधन

सितारगंज(उद संवाददाता)। भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता ललित कुमार आर्य की माता कमला देवी का मंगलवार को देहांत हो गया। वे लगभग 58 साल की थी। उनके निधन पर चोरगलिया समेत आसपास छेत्र के नेताओं ने गहरी शोक संवेदना



प्रकट की है। कमला देवी का निधन मंगलवार को हुआ। उनके निधन की सूचना पाते ही बड़ी संख्या में लोग ललित कुमार के आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता ललित कुमार आर्य उनके पुत्र ने बताया कि वे अत्यंत व्यवहार कुशल महिला थी। बल्कि उनके अच्छे व्यवहार ने भी मुझे खासा प्रभावित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता ललित कुमार आर्य ने बताया कि मेरी माता कमला देवी लंबे समय से हृदय रोग से ग्रसित थी उनका लगातार इलाज भी चल रहा था पर अचानक ब्लड प्रेशर डाउन होने के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई वही वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता ललित कुमार के आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का जमा बड़ा लगा हुआ है इस अवसर पर शोक जताने पहुंचे लोगों में श्री हुसैन के अलावा सुरेश आर्य पूर्व मंत्री, दीप चद्र आर्य सीएफ फोरेस्ट, ईश्वरी राम, किशन राम, मोहन राम, गोविन्द राम, इन्द्र लाल, देवेश चंद्र, देवेश चंद्र, गोपाल आर्य, विशन राम, गंगा प्रसाद, हरीश राम, हरिप्रसाद, सुरेश चंद्र, धरमराम, रामलाल, शंकर लाल, भुवनेश्वर आर्य, दिनेश चन्द्र व सैकड़ो अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रो. तिवारी विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक नियुक्त

नैनीताल (उद संवाददाता)। प्रोफेसर ललित तिवारी को कुमाऊं विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय का निदेशक नियुक्त किया गया है। प्रो. ललित तिवारी वनस्पति विज्ञान विभाग डीएसबी परिसर के वरिष्ठ प्रोफेसर हैं। इससे पहले प्रो. तिवारी शोध एवं प्रसार निदेशक, ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी ओएसडी, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, कोऑर्डिनेटर आईपीआर सेल, डेप्युटी कंट्रोलर परीक्षा के साथ सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण, एंटी ड्रग सेल के कोऑर्डिनेटर, जनरल सेक्रेटरी एलुमनी सेल रह चुके है। प्रो. तिवारी 2021 में मुख्यमंत्री के हाथो बेस्ट डायरेक्टर पुरुस्कार, 2020 टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड के साथ उत्तराखंड रत्न पुरुस्कार, राष्ट्रीय सेवा योजना में दो बार उत्तराखंड राज्यपाल से सम्मानित किए जा चुके हैं तथा लिन्नियन सोसायटी लंदन, इंडियन बोटेनिकल सोसायटी के फेलो हैं। कुमाऊं विश्व विद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के बहुआयामी जानकारी हेतु विभिन्न एक्सपर्ट को सुनने एवम विसय की अपडेट जानकारी एवम शोध को बड़ावा देने के लिए कुलपति द्वारा यह नया विभाग बनाया गया है। कुलसचिव नए प्रो. तिवारी के निदेशक बनाए जाने के आदेश जारी किए।



# जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पटना बिहार 23 नवंबर से 28 नवंबर तक संपन्न हुई सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में देवभूमि उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चौंपियनशिप में 3 गोल्ड 10 सिल्वर 10 ब्रोंज कुल 23 पदकों के साथ तृतीय स्थान उत्तराखंड प्रदेश को दिलाकर राज्य का नाम रोशन किया। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड द्वारा प्रदेश टीम कोच किशन कुमार साना और टीम मैनेजर अंकित सिंह और महिला टीम कोंच सारिका पटेल को नियुक्त किया गया था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता मैं ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, देहरादून और अल्मोडा जनपद के खिलाड़ी शामिल हैं। पिछले 5 वर्षों मैं सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता मैं प्रदेश का श्रेष्ठ प्रदर्शन है। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड के अध्यक्ष केवल किशन भारती, कोषाध्यक्ष राहुल द्वारा सभी प्रतिभागी एवं विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और उनके माता पिता को बध



ई दी है एवं पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड सभी खिलाड़ियों के उज्जववल भविष्य की कामना कर खिलाड़ियों से भविष्य में भीं ऐसे शानदार प्रदर्शन की आशा की है। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड की अध्यक्ष केवल किशन भारती ने बताया कि अगले वर्ष नवंबर मैं उत्तराखंड राज्य मैं 38वे राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना हैं ऐसे मैं पेंचक सिलाट खेल को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों मैं शामिल करवाने हेतु प्रदेश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंघ धामी एवम् खेल मंत्री रेखा आर्या जी को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में दिवागम जोत सिंह सिंह, हार्दिक व शुभम ने स्वर्ण पदक, तनीषा पटेल, अक्षरा जैन, नैतिक कुमार, खुशी गोगिया, ऋद्धि, मानवी नेगी, अवंतिका रावत, पंखुड़ी सक्सेना, उज्जवल राना व चंद्र भट्ट ने रजत तथा शिवांश आया, 'सौम्या भंडारी, लोकिंदर प्रताप, शानू शर्मा, प्रतिष्ठा सैनी, अनुष्का राणा, विहान दीपक, चैतन्य सिंह राना, विषन सिंह राना व चंदन शर्मा ने कांस्य पदक हासिल किया।

# महिला कांस्टेबल की मौत से पुलिस महकमे में शोक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाने में तैनात एक महिला कांस्टेबल की पिछले काफी समय से कैंसर रोग से जूझने के बाद मौत हो गई। महिला कांस्टेबल की मौत के बाद पुलिस महकमे में शौक की लहर व्याप्त हो गई। महिला कांस्टेबल का राजकीय सम्मान के साथ चित्रशिला घाट में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक महिला कांस्टेबल के पति हेड कांस्टेबल हैं जो उधम सिंह नगर बाजपुर में तैनात हैं। बताया जा रहा है कि महिला कांस्टेबल काफी दिनों से ब्लड कैंसर से पीड़ित थीं। उनका चंडीगढ़ पीजीआई से उपचार चल रहा था।कमलुवागांजा मुखानी निवासी 40 वर्षीय महिला कांस्टेबल गीतांजलि मुखानी थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात थी। वह पांच सितंबर 2023 से अवकाश पर चल रही थी। उनके एक बेटा और बेटी है जो कक्षा 6 और 11 में पढ़ते हैं। गीतांजलि की उनके घर में मौत हो गई। उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया।जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद चित्रशिला घाट में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गीतांजलि के निधन पर एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा, एसपी सिटी हरबंस सिंह, एसपी क्राइम एंड ट्रैफिक डा. जगदीश चंद्र सहित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया है।



# यातायात बाधित होने पर थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी होंगे जिम्मेदार: एसएसपी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी की अध्यक्षता में जनपद के सभी अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी। जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं एवं लंबित प्रकरणों के खुलासे, निरोधात्मक कार्यवाही, महिला उत्पीड़न, एससी/एसटी एक्ट, साईबर क्राईम, चोरी आदि की घटनाओं की समीक्षा करते हुए इस दिशा में प्रभावी कार्य करने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एसएसपी ने कहा कि थाने आने वाले आगन्तुकों की फरियाद प्राथमिकता से सुनी जाय एवं पूर्ण प्रयास रहे कि उनकी समस्या का समाधान हो, उनके प्रति आपका व्यवहार मधुर और व्यवहारिक हो। उन्होंने कहा ओवर स्पीड, रैश ड्राईविंग एवं नशे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु सभी संबंधित निरंतर अपने-अपने क्षेत्रों में वाहन चौकिंग एवं सत्यापन अभियान चलायें। अपने-अपने क्षेत्र की यातायात व्यवस्था ट्रैफिक पुलिस एवं सीपीयू पर





ही न छोड़े, अपनी भी जिम्मेदारी समझें। यदि ड्यूटी पर तैनात जवान की लापरवाही प्रतीत हो रही है तो उसकी रिपोर्ट प्रेषित करें। यातायात बाधित होने की स्थिति में सम्बन्धित थाना एवं चौकी प्रभारी भी जिम्मेदार रहेंगे।एसएसपी ने कहा कि ड्यूटियों में बाहरी जनपदों से प्राप्त पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान मुस्तैद रहने हेतु भली-भांति ब्रीफ करें तथा ड्यूटी के दौरान कार्मिकों का रिस्पांस ठीक न होने पर उच्चाधिकारियों को अवगत करायें। किसी भी प्रकार की घटित घटनाओं के त्वरित अनावरण पर जोर देते हुए वारदातें रोकने के लिए ग्राउंड लेवल पर कार्य करना जरूरी है, इसलिए प्रेक्टिकल पुलिसिंग पर ध्यान दें। कर्मचारियों की अनावश्यक छुट्टी ना रोकी जाय, तथा जवान किसी भी स्तर पर अच्छा कार्य करें तो पुरस्कृत किया जाना आवश्यक है, जिससे वे अधिक मनोबल से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने- अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त बढ़ाये, पुलिस की मौजूदगी ही अपराध ी के अपराध करने की मंशा को नाकामयाब करने के लिए काफी है। नशा तस्करों के प्रति कड़ी कार्यवाही, आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों की लगातार चौकिंग /गशत बढाई जाय।डायल 112 पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें एवं रिस्पांस टाईम बेहतर' करने के दिए निर्देश। उन्होंने कहा कि कैंची धाम में बढ़ती भीड़ के कारण यातायात का अधिक दबाव हो रहा है,ऐसे प्वाइंट जहां पर सड़क पर निर्माण कार्य प्रगति पर होने के कारण यातायात सुचारू नहीं चल रहा वहां पर लगातार पुलिस फोर्स की तैनीती की जाय जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सके।इसके अतिरिक्त मल्लीताल तल्लीताल एवं भीमताल में भी यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। विवेचनाओं में किसी तरह की ढील न बरतें और शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एनडीपीएस गैंगस्टर धोखाधड़ी आदि अपराधों को गंभीरता एवं सख्ती से निपटाने के निर्देश दिए।मासिक अपराध गोष्ठी में डॉ0 जगदीश चंद्र, एसपी क्राइम/ट्रैफिक, श्रीमती संगीता सीओ लालकुआं, भूपेंद्र सिंह धोनी, सीओ हल्द्वानी, गौरव किरार, सीएफओ नैनीताल समेत सभी थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना जीडी गोयनका स्कूल का वार्षिकोत्सव







## बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने जीता अभिभावकों का दिल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव वाइब्रेशन 2.0 धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसे देखकर उपस्थित अभिभावकों के साथ ही आमंत्रित गणमान्य अतिथि काफी प्रभावित हुए। जंगल जंबोरी और भारतीय यात्रा चाणक्य से चंद्रयान तक जैसे विषयों को लेकर बच्चों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण से आगंतुकों का मन जीत लिया। स्कूल एक जीवंत और धड़कने वाले मैदान के रूप में बदल गया। मुख्य अतिथि डॉ. राधा कृष्णन पिल्लई, प्रतिष्ठित प्रेसिडेंशियल पुरस्कार से सम्मानित और प्रसिद्ध लेखक ने इस आयोजन को सम्मानित किया। उनकी मौजूदगी ने छात्रों और मेहमानों को उनके ज्ञान और अनुभव से प्रेरित किया। वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय के प्रबंधक मिस्टर अतुल गोयल, रोहित गोयल, मुकुंज गोयल और रूचि गोयल भी उपस्थित रहे। सभी ने इस रंगारंग कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान अनेक छात्र व छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जो उनके विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के प्रतीक थे। उनकी उपलब्धियाँ उज्ज्वल थीं, जो स्कूल के प्रति पूर्णता की प्रतिबद्धता को दर्शाती थीं। विद्यालय की प्राचार्या रुपाली पुरी की वार्षिक रिपोर्ट ने स्कूल की यात्रा को मान्यता दी। इसमें स्कूल की विशेष उपलब्धियाँ जंगल जंबोरी थीम ने शाम को साहस की भावना से भर दिया, जबकि ष्भारतीय यात्राष ने भारत के ऐतिहासिक विकास को एक मोहक रूप में प्रस्तुत किया।चाणक्य की रणनीतिक ब्रिलियंस से लेकर चंद्रयान की प्रौद्योगिकी ब्रह्मांड में लोगों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर और महत्त्व के साथ मोहित किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रात बढ़ते बढ़ते, स्कूल उत्साह से भरा रहा। प्रदर्शनों की खुशियों के संगीत से गूंजता और एकता की सामूहिक भावना से गूंजता विद्यालय का यह दृश्य देखते ही बनता था। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित गणमान्य अतिथियों व अभिभावकों सहित सभी का आभार व्यक्त किया गया।





## कॉलेज में अनुशासनहीनता से आक्रोश

काशीपुर। अलीगंज रोड स्थित तारावती सरोजनी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अनुशासन दिन-दिन बदतर होता जा रहा है। प्रधानाचार्य विद्यालय की व्यवस्था को संभालने में नाकाफी साबित हो रही है। उनके व्यवहार से अधिकांश स्टाफ भी खुश नहीं है। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक माह के आखिरी दिन विद्यालय में हाफ डे होता है। इसकी सूचना बाकायदा व्हाट्सएप ग्रुप में अथवा अभिभावकों को दी जानी चाहिए ताकि वह समय से अपने-अपने बच्चों को विद्यालय से सुरक्षित ले जाए लेकिन इस तरह की सूचनाओं को लेकर विद्यालय प्रबंधन गंभीर नहीं है। 30 नवंबर को यानी आज बच्चों को लेकर विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने जब वहां मौजूद टीचर्स अथवा स्टाफ से इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो किसी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। यानी हाफ डे होना है या नहीं होना है इस बारे में अभिभावकों को कोई जानकारी नहीं दी गई। सुबह लगभग 9:00 बजे तक अभिभावक संतोषजनक जवाब के इंतजार में खड़े थे। इस दौरान जानकारी नहीं मिलने पर तमाम अभिभावक मायूस होकर वापस लौट गए। देखा जाए तो विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं की सुरक्षा के साथ यह बड़ा खिलवाड़ है। तरीका यह होता है कि यदि हाफ डे होना है अथवा विद्यालय की किसी प्रकार की कोई एक्टिविटी है तो उसे व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया जाना चाहिए लेकिन प्रधानाचार्य एवं स्टाफ की घोर लापरवाही के कारण इस तरह के संदेश जारी न कर यहां अभिभावकों को जहां एक और परेशान किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं की सुरक्षा से खिलवाड़ किए जाने का काम भी किया जा रहा है।

## बिंदुखेड़ा में नगर कीर्तन का किया भव्य स्वागत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा सिंह सभा ग्राम बिंदुखेड़ा में श्री गुरु नानक देव जी की जयंती पर नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुद्वारा प्रधान प्रीतम सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरबाज सिंह, गुरचरन सिंह, जोगेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, जसवंत सिंह, गुरुद्वारा सचिव भजनीक सिंह, प्यारा सिंह, इंद्रजीत सिंह बिट्टा, सुखदेव सिंह, अमनदीप सिंह, भजन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष संगत ने गुरु की महिमा कर बोले सी निहाल सत श्री अकाल के जयघाषों से सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया। उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने पांच प्यारों का स्वागत किया और नगर कीर्तन में शामिल से गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी में शीश नवाकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर ग्राम के विभिन्न मार्गों एवं कालोनियों से होकर गुजरता हुआ वापस गुरुद्वारा में समाप्त हुआ। जिसमे कई झांकियां भी सजाई गई थीं। मार्ग में अनेक स्थानों पर संगत ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया और सभी संगत को प्रसाद वितरित किया।





## मेडिकल कालेज में कैथलैब के कार्य शुरू करने के निर्देश

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में स्थापित होने वाली कैथ लैब के संदर्भ में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के अधिकारियों की रिव्यू मीटिंग ली जिसमें जल्द से जल्द कैथलैब के कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए गए। केंद्रीय मंत्री श्री अजय भट्ट के आवास हल्द्वानी में पहुंचे भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड कोटद्वार के मार्केटिंग ईडी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों से वार्ता करते हुए श्री भट्ट ने राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में स्थापित होने वाली कैथ लैब के संबंध में अब तक हुई आवश्यक कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। जिस पर भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है जल्द ही कार्य शुरू होगा।। इस पर श्री भट्ट ने कहा कि कैथ लैब में बेहतर मशीन आए इसके लिए मॉनिटरिंग के लिए टेक्निकल टीम बनाई जाए जिससे कि अच्छी मशीन ही कैथ लैब में लगाई जाए। उन्होंने कहा कि मशीन उच्च गुणवत्ता युक्त और आधुनिक होगी तो कुमाऊं क्षेत्र की जनता को हार्ट से संबंधित बीमारियों में लंबे समय तक बेहतर उपचार दिया जा सकेगा। इस दौरान भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के ईडी मार्केटिंग मनोज कुमार ने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व उनकी टीम द्वारा टेक्निकल कमेटी बनाकर गुणवत्ता युक्त मशीनों की ही खरीद की जाएगी। और जल्द ही धरातल पर काम शुरू हो जाएगा और अगले 6 से 8 महीने के भीतर कैथ लैब बनकर तैयार हो जाएगी। इस दौरान रिव्यू बैठक में श्री भट्ट ने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में की आवश्यकता को देखते हुए भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड कोटद्वार जो कि भारत सरकार के रक्षा विभाग का उपक्रम है। उसके द्वारा 9 करोड रुपए सीएसआर फंड से स्वीकृत किया गए हैं। जिससे कि यहां कैथ लैब बनकर तैयार होगी, साथ ही उन्होंने रिव्यू में बताया कि भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड ने 700 से अधिक इंजीनियरों की भर्ती की है जो की रक्षा मंत्रालय के इक्विपमेंट बनाने और रिसर्च एंड डेवलपमेंट का काम करेंगे। यही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आई सरकार के बाद घाटे में चलने वाली भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड जो कि डेढ़ सौ करोड़ से शुरू हुई थी , आज जिसका टर्नओवर 1000 करोड़ से ऊपर है अब 204 करोड रुपए के फायदे में चल रही है।



## ईश्वर कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव कल से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ईश्वर कालोनी निवासियों द्वारा गुरूद्वारे के सामने गली में कल एक दिसम्बर से संगीतमय श्री मद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथावाचक आचार्य श्री हेमन्त कृष्णचार्य जी महाराज वृन्दावन वाले कथा करेंगे। कार्यक्रम के तहत कल एक दिसम्बर दिन शुक्रवार को दोपहर 1.15 बजे से भव्य कलाश यात्रा निकाली जायेंगी। तत्पश्चात एक दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से सायं 6 बजे तक संगीतमय कथा की जायेगी। 8 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे महायज्ञ के बाद प्रसाद किया जायेगा। पार्षद सचिन मुंजाल व पंडित देव ऋषि ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से आयोजित कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।




## ब्यूटी पार्लर में हुई चोरी की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों श्याम टाकीज रोड़ पर स्थित एक ब्यूटी पार्ल शॉप पर हुई चोरी की घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में चन्द्रा एन्क्लेव फुलसुंगा निवासी श्वेता आर्या पुत्री स्व. मोहन राम ने कहा है कि 26 नवम्बर की रात्रि 9 बजे उसने श्याम टाकीज रोड़ दर्पण कार्यालय के सामने अपना प्रतिष्ठान सीक्रेट ब्यूटी पार्लर बंद किया था। 27 नवम्बर को जब वह प्रतिष्ठान खोलने पहुंची तो शटर के ताले टूटे हुए मिले। भीतर कांच का दरवाजा टूटा था। साथ ही गल्ला खुला था जिसमें40 हजार रूपये नगद और एक जोड़ी टाप्स, एक अंगूठी तथा एक मोबाईल नदारद मिले। जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में विगत दिवस संदिग्धपरिस्थितियों में एक किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। परिजनों को कहना है कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री 28 नवम्बर की शाम 5 बजे घर में बिना किसी को बताये चली गई है। उसकी सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। उनका आरोप है कि पूर्व में उनकी पुत्री शिवनगर निवासी योगेश पाल के साथ पकड़ी गई थी। जब उसके घर पता करने गये तो वह घर में मौजूद नहीं था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

# सिलक्यारा 'सुरंग' हादसे से उपजा 'सवालों' का पहाड़






-अर्श-

## जैसे-तैसे बचा लिए गए 41 श्रमिक लेकिन हिमालय का भविष्य क्या? कब तक टिका रह पाएगा, विकास की सुरंग से खोखला होता हिमालय? जीत के जश्न के बाद क्या अब जवाबदेही एवं सीमा भी तय की जायेगी?

रूद्रपुर। उत्तराखंड में तकरीबन 17 दिनों के अथक प्रयासों के बाद अंततः सिलक्यारा सुरंग में फसे सभी 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाल दिया गया। देश भर में अब तक चलाए गए सबसे बड़े बचाव अभियानों में से एक, के सुखद अंत के बाद जहां सुरंग में फंसे श्रमिकों एवं उनके परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं केंद्र सरकार सहित उत्तराखंड सरकार के तमाम अधिकारियों एवं विभिन्न एजेंसियों ने भी अब जाकर कहीं राहत की सांस ली है। इस सुरंग हादसे ने समाज के सामने विज्ञान की सीमाएं रेखा तो खींची ही है, साथ ही इस तथ्य को भी बड़ी ही स्पष्ट से रेखांकित किया है कि प्रकृति से किए जाने वाले अनियंत्रित एवं अवैज्ञानिक छेड़छाड़ का खामियाजा मानव जाति को भुगतना ही होगा। वैसे तो सरकार सिलक्यारा सुरंग हादसे के की मुख्य वजहों का पता तो लगाएगी ही, लेकिन श्रमिकों की सकुशल वापसी के पश्चात, उत्तराखंड के सरकारी हल्के में 'अंत भला तो सब भला' का जो वातावरण फिलवक्त पसरा हुआ है, उससे इस बात का आश्वासन तनिक भी नहीं मिलता की सुरंग हादसे के पीछे की मुख्य वजहो को ईमानदारी से तलाशा जाएगा और इसकी जवाब दे ही तय की जाएगी।जबकि वक्त का तकाजा तो यही है कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही मजदूरों को सकुशल बाहर निकाल लेने की सफलता की खुमारी से समय रहते बाहर निकले और सिलक्यारा की चूक के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को सामने ले की पहचान करें तथा इस तथ्य पर गंभीरता पूर्वक विचार करें कि विकास की सुरंग से खोखला होता हिमालय आखिर कब तक टिका रह पाएगा? हालांकि सुदूर पर्वतीय क्षेत्र के निवासियों को राज्य के विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ऐसे विकास कार्यों का कराया जाना जरूरी है, लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसी सुरंग एवं बड़ी परियोजनाओं के निर्माण में जिस एहतियात की जरूरत है अथवा नहीं ?देखा जाए तो उत्तराखंड के भूगोल का मानचित्र बीते डेढ़ दशक में तेजी से बदला है। चौबीस हजार करोड़ रुपए की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना ने जहां विकास और बदलाव की ऊंची छलांग लगाई है, वहीं इन योजनाओं ने खतरों की नई सुरंगें भी खोल दी हैं। हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में जल विद्युत संयंत्र और रेल परियोजनाओं की आजकल बाढ़ आई हुई है।इन योजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र में रेल गुजारने और कई हिमालयी



छोटी नदियों को बड़ी नदियों में मिलाने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है। इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखर भी दरकने लगे हैं।हमने कथित भौतिक सुविधाओं के लिए अपने आधार को नष्ट करने का काम आधुनिक विकास के बहाने कर दिया हैं। उत्तरकाशी हो या जोशीमठ, सब इसी अनियोजित विकास की परिणति है।सड़क परियोजनाओं के अलावा उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजारकरोड़ की जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जा रहा है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए बुनियाद हेतु गहरे गड्ढे खोदकर खंभे व दीवारें खड़े किए जाते हैं।कई जगह सुरंगे बनाकर पानी की धार को संयंत्र के पंखों पर डालने के उपाय किए गए हैं। इन गड्ढों और सुरंगों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों की दरारों को खाली कर देता है और पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं, उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन तेज बारिश के चलते पहाड़ों के ढहने और हिमखंडों के टूटने की घटनाएं पूरे हिमालय क्षेत्र में लगातार बढ़ जा रही हैं ।यही नहीं कठोर पत्थरों को तोड़ने के लिए भीषण विस्फोट करके भी हिमालय को हिलाया जा रहा है।गोया, प्रस्तावित सभी परियोजनाएं कालांतर में अस्तित्व में लाए जाने के उपाय जारी रहते हैं तो हिमालय का क्या हश्र होगा, कहना मुश्किल है?हिमालय में अनेक रेल परियोजनाएं भी निर्माणाधीन हैं।सबसे बड़ी रेल परियोजना उत्तराखंड के चार जिलों (टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली) के तीस से ज्यादा गांवों को भी विकास की कीमत चुकानी पड़ रही है।दरअसल, ऋषिकेश से कर्णप्रयाग रेल परियोजना १२५ किमी लंबी है।इसके लिए सबसे लंबी सुरंग देवप्रयाग से जनासू तक बनाई जा रही है, जो १४।८ किमी लंबी है।केवल इसी सुरंग का निर्माण बोरिंग मशीन से किया जा रहा है, बाकी जो १५ सुरंगे बन रही हैं, उनमें ड्रिल तकनीक से बारूद लगाकर विस्फोट किए जा रहे हैं हिमालय की ठोस व कठोर अंदरूनी सतहों में ये विस्फोट दरारें पैदा करके पेड़ों की जड़ें भी हिला रहे हैं।हिमालय की अलकनंदा नदी घाटी ज्यादा संवेदनशील है। रेल परियोजनाएं इसी नदी से सटे पहाड़ों के नीचे और ऊपर निर्माणाधीन हैं ।रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपए की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। सिलक्यारा-पोलगांव सुरंग भी इसी उद्देश्य से बनाई जा रही है। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत आधार स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि, ये सड़कें सेना के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, सैनिकों का हिमालयी क्षेत्र में इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विवार की जरूरत है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए पहाड़ की छाती चीरकर सुरंग बनाना समझदारी नहीं है? इस उपाय से समय और पैसा तो बचेंगे, लेकिन पहाड़ नष्ट हो जाएंगे, अर्थात जब तेल ही नहीं रहेगा तो दीया कैसे जलेगा?

# श्रमिकों के परिजनों के साथ धामी ने मनाई ईगास

## सीएम ने की रैट माइनिंग करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में बुधवार देर शाम तक सिलक्यारा टनल में फंसे सभी 41 श्रमिकों के सकुशल बाहर आने की खुशी में हर्ष पर्व के रूप में इगास मनायी गयी। इस अवसर पर श्रमिकों के परिजन भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सभी परिजनों को माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक दलों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी गई।सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रमिकों के परिजनों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के परिजनों को सम्मानित करते हुए उनके धैर्य और श्रमिकों के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे लिए आज इगास का पर्व है, क्योंकि हमारे श्रमिक भाई सकुशल बाहर आ गए हैं और स्वस्थ हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भेलू खेलकर तथा लोक नृत्य कर इगास पर्व मनाते हुए सभी प्रदेशवासियों को पुनः इगास पर्व की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के अभियान पर निरंतर नजर रखे हुए थे और वह श्रमिकों की कुशलता को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में श्रमिको को रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाला जा सका है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, डॉ. धन सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक खजान दास ,गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, एडीजीपी अमित सिन्हा, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामीने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ में प्रारंभिक जांच हेतु भर्ती सिलक्यारा टनल से रेस्क्यू किए गए श्रमिकों का हाल-चाल जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी श्रमिकों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान करने के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतिम दौर में पाइप पुशिंग हेतु रैट माइनिंग तकनीक से मैनुअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती सभी श्रमिकों से उनका हाल जाना तथा डॉक्टरों से श्रमिकों के स्वास्थ लाभ और चिकित्सा उपचार के विषय में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने श्रमिकों के हौसले की सराहना भी की। उन्होंने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों में टनकपुर, चंपावत के पुष्कर की माता से मोबाइल पर बात कर पुष्कर के विषय में जानकारी दी और कहा कि सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालकर राज्य सरकार ने अपना वचन निभाया है। सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और जल्द ही उन्हें घर भेजा जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों के परिजनों से भी मुलाकात की। उन्होंने श्रमिकों के साहस, मनोबल और परिजनों के धैर्य के साथ ही रेस्क्यू अभियान में शामिल सभी एजेंसियों व कर्मियों की मेहनत को इस अभियान की सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी रेस्क्यू ऑपरेशन पर निरंतर नजर रखे हुए थे और वह श्रमिकों की कुशलता को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में ही श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाले जाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।







## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भारतीय राजदूत से दुर्व्यवहार

पिछले कुछ समय से कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह की हरकतें करनी शुरू कर दी हैं, उससे यही लगता है कि भारत में मनमानी करने में मिली हताशा को अब वे दूसरे देशों में अभिव्यक्त कर रहे हैं। मुश्किल यह है कि बाहर के देशों में कुछ वजहों से कानूनी जटिलताओं का फायदा उठा कर अब वे सार्वजनिक रूप से उच्चाधिकारियों के साथ भी दुर्व्यवहार करने की कोशिश करने लगे हैं। अमेरिका में न्यूयार्क के लांग आइलैंड में रविवार को भारत के राजदूत के साथ खालिस्तान समर्थकों की हरकत उसी का संकेत है। गौरतलब है कि गुरुपर्व के अवसर पर भारत के राजदूत वहां एक गुरुद्वारे में अरदास करने और लोगों से मिलने–जुलने गए थे। मगर उस वक्त गुरुद्वारे में मौजूद खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने उनके साथ धक्कामुक्की की। हालांकि वहां मौजूद सिख समुदाय के अन्य सदस्यों ने उत्पात मचाने की कोशिश करने वाले खालिस्तान समर्थकों को गुरुद्वारे से बाहर निकाल दिया। मगर चंद खालिस्तान समर्थकों ने जैसी हरकत की, उसकी अनदेखी इसलिए भी नहीं की जानी चाहिए कि अगर वे गुरुद्वारे जैसे किसी सार्वजनिक स्थान पर एक अहम पद पर बैठे व्यक्ति के साथ धक्कामुक्की कर सकते हैं तो किसी अप्रत्याशित वारदात की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यों वहां मौजूद खुद सिख समुदाय के लोगों ने ही यह साबित किया कि अवांछित हरकत करने वाले लोगों को प्रतिनिधि चेहरे के तौर पर नहीं देखा जा सकता। गिनती के कुछ लोग अगर खालिस्तान समर्थन के नाम पर मनमानी करने की कोशिश कर रहे हैं तो वे कामयाब नहीं होंगे। कुछ उत्पातियों ने जिस वक्त भारतीय राजदूत के साथ धक्कामुक्की की, उससे ठीक पहले गुरुद्वारे के भीतर ही सिख समुदाय के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। वहां भारतीय राजदूत ने यह भी कहा कि भारत का विदेश में बसे भारतीयों और सिख समुदाय के साथ करीबी रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। जाहिर है, खालिस्तान समर्थक गुटों में एक तरह से इस बात से हताशा दिखती है कि अलगाववाद के झांसे में ज्यादातर सिख नहीं आ रहे हैं और उनकी प्राथमिकताओं में शांति ही है। मगर यह भी सच यह है कि अमेरिका और खासतौर पर कनाडा में पिछले कुछ समय से खालिस्तान समर्थक गुटों ने अपने पांव फैलाए हैं और भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उसके प्रति लापरवाही भी नहीं बरती जानी चाहिए। इसी वर्ष जून में कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। उसकी हत्या को लेकर कनाडा की ओर से भारत पर निराधार सवाल उठाए गए, मगर सबूत मांगे जाने पर कनाडा के टालमटोल की स्थिति अब भी जारी है। इसके अलावा, हाल ही में एक खबर में किए गए दावे के मुताबिक, गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में मारने की साजिश रची जा रही थी और वहां की खुफिया संस्था एफबीआइ ने इसका खुलासा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि अमेरिका ने इस मुद्दे को भारत के सामने उठाया है। सवाल है कि क्या कनाडा या अमेरिका अपनी जमीन पर खालिस्तान समर्थक अलगाववादी गतिविधियों से इतने अनजान हैं कि वे चाहे–अनचाहे उनकी राह आसान करने की कोशिश करते हैं? अगर इस तरह की घटनाओं और उसके पीछे छिपी मंशा की अनदेखी की गई, तो इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलता खड़ी हो सकती है और इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा।

# पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार को दी भावभीनी विदायी

हरिद्वार। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार की पुलिस विभाग में 34 वर्ष की सेवाओं को लेकर गत दिवस हरिद्वार में व्यापार मंडल तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों खेल संगठनों ने स्वागत किया उनकी सेवाओं की वक्ताओं ने प्रशंसा की। इस मौके पर उनकी पत्नी और राष्ट्रीय ओलंपिक संघ की सह सचिव श्रीमती अलकनंदा अशोक भी मौजूद थी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल,नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार, सीओ सदर जूही मनराल,सीओ सिटी निहारिका सेमवाल समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम चंद्राचार्य चौक के पास स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। जैसे ही पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो वहां पर पुलिस की गारद ने उन्हें सलामी देनी चाहिए तो अशोक कुमार ने सलामी लेने की बजाय पुलिस के जवानों से हाथ मिलाया और उनका अभिवादन किया जिस पर पुलिस के सिपाही गदगद हो गए और माहौल भावुक हो गया। इस अवसर पर श्री गंगा सभा, हरिद्वार व्यापार मंडल, कनखल व्यापार मंडल ,ज्वालापुर व्यापार मंडल ,पंजाबी महासभा, वैश्य महासभा, महिला वैश्य सभा, डिस्ट्रिक्ट वुशु एसोसिएशन, डायनेमिक स्पोर्ट्स अकैडमी, कनखल वैश्य कुमार सभा, रोटरी क्लब रानीपुर समेत विभिन्न संस्थाओं ने पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार और उनकी पत्नी अलकनंदा अशोक का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पराग गुप्ता ने की और संचालन अरविंद अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा, विमल कुमार, गंगा सभा अध्यक्ष पंडित नितिन गौतम, डिस्ट्रिक्ट वुशु एसोसिएशन की सचिव आरती सैनी डॉ रविकांत शर्मा , व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवत शरण अग्रवाल ,सुनील गुलाटी आदि ने पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर अशोक कुमार ने कहा कि उन्हें हरिद्वार की जनता से बहुत से अपनापन मिला उत्तराखंड की जनता ने उन्हें इतने बड़े मान सम्मान त





कार्यक्रम का संचालन अरविंद अग्रवाल ने किया। स्वागत समारोह के बाद पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार और उनकी पत्नी अलकनंदा अशोक ने हरकी पैड़ी पर जाकर गंगा पूजन और आरती की हर की पैड़ी पर गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम तथा गंगा सभा के अन्य पदाधिकारी ने उनका बुके गंगाजली रुद्राक्ष की माला भेंट कर स्वागत किया।

# उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनयर्स महासंघ ने दिया धरना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनयर्स महासंघ इकाई ने विभिन्न मांगों को लेकर सिंचाई विभाग परिसर में आज धन दिया। धरनास्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते वक्ताओं ने कहा कि समस्या समाधान समिति के तत्कालीन अध्यक्ष की अध्यक्षता निर्णित बिन्दुओं का अभी तक क्रियान्वयन नही हो पाया है।कनिष्ठ अभियन्ता /अपर सहायक अभियन्ता को अनुमन्य मोटर साईकिल / स्कूटर भत्ते की दरों का पुनरीक्षण कर शासनादेश वर्ष 2013 के बाद से अभी तक नहीं किया गया है। शासनादेश के अनुसार कनिष्ठ अभियन्ता/अपर सहायक अभियन्ता को 10 वर्ष की सेवा के पश्चात् सहायक अभियन्ता का पेड बेतन 5400 दिया जाये एवं अपर सहायक अभियन्ता की वेतन विसंगति दूर की जाये। समस्त अभियान्त्रिकी



विभागों में एक समान सेवानियमावली का प्रख्यापन अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से बाहर की एजेन्सियों को प्रदेश में निर्माण कार्य देने पर अंकुश लगाया जाये जिससे प्रदेश के विभिन्न अभियन्त्रण विभागो को कार्य मिल सके। तीनों ऊर्जा निगमों में कार्यरत् क०अ० को अनुमन्य ग्रेड वेतन 4600 का लाभ प्रदेश के अन्य विभागो/निगमों के समान तिथि दिनाक 01 जनवरी 2009 से काल्पनिक रूप से तथा 1 मार्च 201 से वास्तविक रूप से निदेशक मण्डल की 940 बैठक में पास प्रस्ताव के अनुसार अनुमन्य किया जाये। उत्तराखण्ड के तीनों ऊर्जा निगमों में शासन तथा अन्य निगमों की भांति कनिष्ठ अभियन्ता से सहायक अभियन्ता पद हेतु प्रोन्नति कोटा 40 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तथा डिग्रीधारी कनिष्ठ अभियन्ताओं का कोटा 833 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाये।इस दौरान शाखा अध्यक्ष हरपाल सिंह, सचिव गौरव मेहरा, विजयपाल सिंह, नरपत सिंह, सत्यजीत सरकार, विनोद कुमार, पीसी बहुगुणा, प्रेमचंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, कौशल कुमार, विनोद सनवाल, गोबिंद भट्ट, हरीश बसेड़ा, प्रकाश लाल, बीसी जोशी व एसी भट्ट आदि मौजूद थे।

# पांडे के एनएसयूआई के अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष

रूदपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर महानगर एनएसयूआई के अध्यक्ष पद पर उमेश पांडे के मनोनयन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। इधर कांग्रेस हाईकमान द्वारा बनाए गए 66 विधानसभा रुद्रपुर के प्रभारी वरुण कपूर ने भी उमेश पांडे को एन एस यू आई का महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए एक कार्यक्रम के दौरान उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। यहां विधान सभा प्रभारी वरुण कपूर ने उम्मीद जाहिर की कि उमेश पांडे, छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे । इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में पूर्व पालिका अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती मीना शर्मा पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बाबरा,पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश पंत,पूर्व महानगर



कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, राहुल गांधी बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष फरीद अहमद मंसूरी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद,पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, पार्षद प्रीति साना, अशफाक अहमद, परवेज कुरैशी,भूपेश सोनी,अनिल शर्मा,उमर अली सलमानी,दिनेश मौर्य,उमर खान,अमीर हुसैन, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने किया मिष्ठान वितरण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों के सकुशल वापसी पर उत्तरी मण्डल द्वारा ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के चामुंडा मंदिर में अपने आराध्य देवी देवताओं की आराधना कर धन्यवाद प्रकट किया और मिष्ठान वितरण कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित इस में लगे सभी टीमो का आभार प्रकट करते हुए सभी श्रमिक भाइयो को शुभकामनाये प्रेषित की । इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया और कहा निश्चित रूप से 17 दिन के इन संघर्ष में करोड़ो भारतीयों की दुवाओ ओर देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के अथक प्रयास ओर सभी टीमों के परिश्रम का परिणाम है सभी सकुशल टनल से बाहर वापस आ पाये। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, मनोज मदान,राधेश शर्मा, कैलाश राठौर, शिवकुमार गंगवार, मदन दिवाकर, भूपराम लोधी, शम्मी गुप्ता, कविता सागर, राजेन्द्र राठौड़, व अन्य लोग मौजूद रहे।



# योजनाओं के लाभार्थियों को उपलब्ध करायी सामग्री

सितारगंज(उद संवाददाता)। विकासखण्ड सितारगंज की ग्राम पंचायत थारू तिसौर में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। जिसमें 30 पुरुष एवं 75 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, उद्यान विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईईसी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत थारूतिसौर में कृषि विभाग द्वारा किसान विभागीय योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री गिरिश कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी, ऊधमसिंह नगर, ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी श्री मोले सिंह राणा, गन्ना पर्यवेक्षक, श्री आनन्द भट्ट मण्डल अध्यक्ष भाजपा, पूर्व प्रधान एव ग्राम प्रधान श्रीमती सुखविन्दर कौर ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे। **विकासखण्ड सितारगंज की ग्राम पंचायत चीकाघाट में** लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वागत समिति द्वारा श्री आनन्द भट्ट मण्डल अध्यक्ष भाजपा, पूर्व प्रधान एव ग्राम प्रधान का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। जिसमें 52 पुरुष एवं 60 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में १४ विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईसीप्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत चीकाघाट में पशुपालन विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड तथा पशुधन योजना के विषय में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में इच्छुक लाभार्थियों के उज्जवला योजना के कार्ड भी बनाये गये। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री गिरिश कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी, ऊधमसिंह नगर, ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी श्री मोले सिंह राणा, गन्ना पर्यवेक्षक, श्री निर्मल सिंह ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

# गांव गाव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

## ग्राम पंचायतवार सहायक नोडल अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने दी योजनाओं की जानकारी

गरपुर(उद संवाददाता)। विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता को जागरूक किया गया। गत दिवस जोरशोर से विकासखण्ड गदरपुर की ग्राम पंचायत डोंगपुरी में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सीमा कोरंगा, आशिया, सपना रानी एवं बबीता द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईसीप्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस. वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत डोंगपुरी में पशुपालन विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड तथा पशुधन योजना के विषय में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में शाहिबा द्वारा नन्दा गौरा योजना, श्रीमती लक्ष्मी व श्रीमती पार्वती द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं री पदम सिंह द्वारा किसान सम्मान निधि के लाभ से मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में इच्छुक लाभार्थियों के उज्जवला योजना के कार्ड भी बनाये गये। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र पाण्डे, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड रूद्रपुर, मा० अध्यक्ष मण्डी समिति श्री सुभाष गुम्बर, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा श्री नरेश हुडिया, जिला उपाध्यक्ष श्री हर्षपाल सिंह व श्रीमती मनजीत कौर ग्राम प्रधान, श्रीमती सारिका जोशी ग्राम पंचायतवार सहायक नोडल अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे। **विकासखण्ड गदरपुर की ग्राम पंचायत पत्थरकुई में** लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सीमा, मोनिका एवं रेखा नरूला, संगीता रानी एवं रेखा खेड़ा स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईसीप्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस. वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पत्थरकुई में कृषि विभाग द्वारा किसान विभागीय योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र पाण्डे, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड रूद्रपुर, डॉ० रवि शंकर झां, पशुचिकित्साधिकारी ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी, सिल्की ग्राम प्रधान, श्रीमती नीतू नगरकोटी मत्स्य विभाग एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।








# रूद्रपुर विकासखंड में ग्रामीणों को किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विकासखण्ड रूद्रपुर की ग्राम पंचायत प्रातपपुर में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कियागया। कार्यक्रम में 115 अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकासविभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईसीप्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस. वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियो को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामपंचायत प्रतापपुर में कृषि विभाग द्वारा किसान विभागीय योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में 03 लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री संजय छिम्वाल, सहायक निदेशक डेयरी, श्री चन्द्र प्रताप सिंह ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे। विकासखण्ड रूद्रपुर की ग्राम पंचायत आनन्दपुर में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कियागया। कार्यक्रम में 111 अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्नाविकासविभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईसीप्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस. वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियो को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामपंचायत आनन्दपुर में कृषि विभाग द्वारा किसान विभागीय योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में 03 लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री संजय छिम्वाल, सहायक निदेशक डेयरी, श्री प्रताप सिंह ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी, श्रीमती सुषमा यादव ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

# मंदिर परिसर से हजारों का सामान चोरी

काशीपुर। मंदिर परिसर से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए कीमत के समान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिक की दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर पुष्प विहार आवास विकास काशीपुर निवासी श्री डमरू वाले बाबा सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक अजय कुमार चौहान पुत्र कुंवर पाल सिंह ने बताया कि 28 नवंबर को अपराह्न 12:30 बजे के करीब जब वह मंदिर आए तो वहां सामान बिखरा पड़ा था। मंदिर परिषद से लोहे की बाल्टी फावड़ा लोहे का चौकोरा लोहे की रोड आदि तमाम सामान मौके से गायब था। प्रबंधक ने पुलिस को दतहरी में बताया कि कुछ लोगों पर उसे शक है सामने आने पर वह चेहरों की शिनाख्त कर सकता है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# ससुर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने ससुर पर छेड़छाड़ करने और मना करने पर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। खेड़ा निवासी महिला का कहना है कि उसके ससुर उसके साथ छेड़–छाड करते है। कई बार समझाया गया तो उल्टा गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देते है। आरोप है ससुर ने उसके साथ गलत करने की कोशिश भी की। जिस कारण वह काफी परेशान है। उसे सुसर से अपनी जानमाल व इज्जत का खतरा बना हुआ है। जब उसके पति काम पर चले जाते है अकेला पाकर उसके ससुर गन्दी नजर रखते है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विधवा मां ने बेटे के खिलाफ लगाई गुहार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एक विधवा मां ने अपने पुत्र पर उससे व बहनों से मारपीट करने, घर में तोड़ फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस को दी तहरीर में प्रीत विहार निवासी महिला ने कहा है कि उसका पुत्र उससे तथा विवाहित बहनों से मारपीट कर घर में तोड़फोड़ करता है। पूर्व में खेत की जमीन बेचकर सारा पैसा हड़प चुका है। अब घर बेचने के लिए दबाव डाल रहा है। आरोप है पुत्र घर में रखी तलवारें निकालकर काट देने की धमकी देता है। जिससे उसे व अन्य परिजनों को जानमाल का खतरा बना रहता है। पुलिस मामले की जांच कर रही हें।

## पेज एक का शेष...

**मातृशक्ति के बिना ...**17 दिन बाद हम टनल में श्रमिकों तक पहुंच गये। आप सब की दुआओं और सेना सहित सभी की मेहनत से हमे सफलता प्राप्त हुई। श्री धामी ने कार्यक्रम में मौजूद भीड़ का धन्यवाद देते हुये कहा कि आप रास्ते से लेकर कार्यक्रम तक आप सभी माताओं,बहनों,छात्रों द्वारा जो अभिनन्दन किया गया उसके लिये में आज सब का आभार जताता हू और आप सबका अभिनन्दन करता हूॅ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद की 713 करोड़ की 258 योजनाओं तथा राज्य की 2055 करोड़ की 970 योजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। प्रभारी मंत्री रेखा आर्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। जिसमें आज नैनीताल जनपद में सबसे अधिक योजनाओं का शिलान्यास किया गया और प्रभारी मंत्री होने के नाते मुझे इस पर गर्व है। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण और शंख ध्वनि के साथ हुआ इसके बाद श्री धामी द्वारा कन्या पूजन भी किया और उन्हे उपहार भेंट किये गये। इस दौरान श्री धामी और प्रभारी मंत्री रेखा आर्य द्वारा पर्यावरण मित्रों,महिला उद्यमियों सहित विशेष योग्यता रखने वालों को सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रभारी मंत्री रेखा आर्य का कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने तक पूरे रास्ते फूलों की वर्षा करते हुये जोरदार स्वागत किया गया। ईजा–बैणी महोत्सव कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम में कमिश्नर दीपक रावत, डीएम वंदना सिंह चौहान, मेयर जोगेंद्र रौतेला, विधायक राम सिंह कैड़ा, सरिता आर्य, दीवान सिंह बिष्ट, अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भट्ट, राजेंद्र बिष्ट, बेला टोलिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का ...**दौरान कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। हेमन्त साहू ने कहा मुख्यमंत्री जनहित के बजाय केवल कोरी घोषणा कर रहे हैं ।प्रदेश की कोई सड़क ऐसी नही जिसमे गड्ढे न हो। सरकारी अस्पताल बीमारी की हालत से गुजर रहे है। अटल आयुष्मान कार्ड शोपीस बनकर रह गये। युवा रोजगार के लिये भटक रहे, पहाड़ों में अतिक्रमण के नाम सैकड़ों वर्षों से निवास कर रोजी रोटी चलाने वालों को उजड़ा जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। साहू ने कहा राजपुरा जवाहर नगर में करीब 30 हजार से अधिक की आबादी निवास करती है। वर्षों से तहसील(शेष पेज सात पर) दिवस समेत सैकड़ो बार सीएम को ज्ञापन भेजकर सीवर लाइन के निर्माण की मांग कर चुके हैं। लेकिन कोई कार्यवाही नही होने से जनता को अभी भी खुले में शौच के लिये जाना पड़ रहा है। प्रीती आर्या ने जाम से निजात दिलाने के लिये आईएसबीटी के निर्माण की मांग रखते हुये कहा मुख्यमंत्री को हवाई घोषणा व दौरे के बजाय प्रदेश हित ठोस रणनीति के तहत योजनाओं को शुरू करना चाहिये। गिरफ्तार होने वालों मे प्रीती आर्या, सचिन राठौर, सन्दीप भैसोड़ा, दीपा खत्री, काजल आर्या, कमलेश आर्या, मयंक गोस्वामी, साहिल राज, रमेश कुमार, नंदनी खत्री आदि शामिल थे।

**मैने हमेशा पुलिस और जनता ...**पहुंचे थे। यहां विभिन्न सामाजिक संगठनों ने डीजीपी को 34 साल में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने जनता से संवाद भी किया। गंगा आरती में शामिल होने के बाद सीसीआर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई दी। वहीं सेवानिवृत्त पर सीआरपीएफ उत्तराखंड सेक्टर की ओर से डीजीपी अशोक कुमार का सम्मान किया। इस दौरान डीजीपी ने सीआरपीएफ में रहने के दौरान के अपने अनुभवों को जवानों के साथ साझा किया।

**साढ़े ३४ साल की ...**में डीजीपी अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कामयाबी हासिल की। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस की नौकरी हर दिन नए अनुभव के साथ होती है। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि हरिद्वार में बढ़ता हुआ क्राइम हो या फिर उत्तराखंड आंदोलन उन्होंने उस दौर में भी कार्य किया इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के कई ऐसे जिले जहां पर की क्राइम का ग्राफ लगातार ऊपर था हर प्रकार की चुनौतियों को उन्होंने पार किया। अपने सेवा काल को लेकर डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि उन्होंने जनता को पुलिस के नजदीक लाने का काम किया और खाकी पर विश्वास रखने के लिए लगातार प्रयास किया ताकि पुलिस की छवि लोगों के मन में बेहद सौम्या और मित्र पुलिस की तरह रहे । डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि बदमाशों के लिए बहुत ही कड़े थे। उन्होंने अपने आगे के जीवन को लेकर बताया कि वो लेखन और खेल में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी वो इस क्षेत्र में कार्य करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उन्होंने खाकी में इंसान पुस्तक के जरिए पुलिस के दर्द को उकेरा है। हालांकि उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अभी भी साइबर क्राइम और ड्रग्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं जिनको की रोका जाना चाहिए।

**टूरिस्ट बस ..**डिवाइजर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के घटते ही यात्रियों में अफरातफरी मच गई। हादसे में किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है।

**पार्किंग में चालक की ...**कुमार शर्मा मय फोर्स, जिल्द पंचायतनामा, दीगर कागजात के मौके पर पहुंचा तथा वरिष्ठ उप निरीक्षक

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू मां
Galaxy Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000 HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Galaxy S23 FE
Own at ₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic, Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank, Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन